**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 30-11-2006**

**Participants : Aditya Nath Shri**

an>

Title: Need to repair the damaged bridge at Mahesra on Gorakhpur-Sonauli National Highway.

**योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान गोरखपुर-सोनौली राट्रीय राजमार्ग, जो उत्तर प्रदेश को नेपाल से जोड़ता था और उस राट्रीय राजमार्ग को गोरखपुर महानगर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सेतु 24-25 सितंबर को क्षतिग्रस्त हो गया था, की ओर आकृट करना चाहता हूँ। यह राट्रीय राजमार्ग संख्या 29 का एक्टेंशन है और नेपाल को जोड़ने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र राजमार्ग है।

महोदय, जब 24-25 सितंबर को यह राजमार्ग महेसरा ताल के पास क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय इसकी सूचना राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पीडब्ल्युडी को मैंने स्वयं और अन्य स्थानीय नागरिकों ने दी थी, लेकिन राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी वहां नहीं पहुंचे और उसके बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उस राजमार्ग को बंद कर दिया गया जिससे नेपाल आने-जाने वाले लाखों पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह राजमार्ग नेपाल को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाला एकमात्र राट्रीय राजमार्ग है। वहां पर राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों का व्यवहार बहुत ही उदासीन और लापर वाहीपूर्ण है। मैं भारत सरकार के राजमार्ग मंत्री से आपके माध्यम से यह अनुरोध करता हूँ कि इस लापरवाही के लिए दोाी राट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करें और क्षतिग्रस्त सेतु, जिसकी मरम्मत तात्कालिक दृटि से तो कर दी गयी है लेकिन वहां समुचित यातायात की व्यवस्था अभी तक नहीं हो पायी है और भारी वाहनों का यातायात अवरूद्ध है, के साथ ही वहां पर एक नए सेतु का निर्माण हो जिससे इस महत्वपूर्ण राट्रीय राजमार्ग पर, जो कि अन्तर्राट्रीय महत्व का है और नेपाल को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाला एकमात्र राजमार्ग है, आवागमन एवं यातायात को पुनः व्यवस्थित किया जा सके।